# वन अनुसंधान संस्थान में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में दिनांक 02 मार्च, 2022 को हिन्दी अनुभाग व.अ.सं. द्वारा "राजभाषा से संबन्धित संवैधानिक प्रावधान एवं नियमों/अधिनियमों का कार्यालयीन प्रयोग" शीर्षक विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में श्री महिमान्न्द भट्ट, प्रबन्धक राजभाषा (सेवानिवृत्त), केंद्रीय भंडारण निगम उपस्थित रहें। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संस्थान के कुलसचिव , एस.के. थॉमस ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राजभाषा संबंधी सामान्य जानकारी एवं सवैधानिक प्रावधानों को कार्यालय में प्रयुक्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मुख्य वक्ता श्री भट्ट जी का संस्थान में स्वागत करते हुए उनके अमूल्य समय हेतु आभार प्रकट किया। कार्यशाला में संस्थान के नवनियुक्त वैज्ञानिक -बी स्तर के अधिकारीगणों को राजभाषा की बारीकियों और संवैधानिक नियमों/उपनियमों की जानकारी प्रदान की गई। मुख्य वक्ता श्री भट्ट जी ने अपने व्याख्यान में सभी वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए व्यक्त किया कि भाषा प्रयोग से आसान बनती है। भाषा कभी दुरूह नहीं होती है। उन्होंने राजभाषा हिन्दी में विभिन्न भाषाओं के शब्दों की प्रयुक्ति की संक्षिप्त जानकारी साझा की। संवैधानिक प्रावधानों के अतिरिक्त श्री भट्ट जी ने अपनी पस्तुति में हिन्दी में सटीक , स्पष्ट और संक्षिप्त टिप्पण व आलेखन लिखने पर जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दूसरे सत्र में ई-टूल्स के प्रयोग द्वारा हिन्दी में काम करने संबंधी समस्याओं का समाधान दिया गया। अंतिम सत्र में त्रैमासिक प्रतिवेदनों में सही सूचना भरने एवं वार्षिक लक्ष्य प्राप्त करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तरी सत्र तथा श्री शंकर शर्मा , सहायक निदेशक (राजभाषा) के आभार प्रकट से किया गया।

**<u>कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी</u>**











विभिन्न समाचार पत्रों में कार्यशाला से संबंधी सूचना



## FRI organizes Hindi Workshop

Dehradun, March 2 (HTNS): Hindi Section of Forest Research Institute, Dehradun organized day long Hindi Workshop on the topic "Constitutional provisions of Official Language and implementation of rules/ regulations" on March 2.

Mahimanand Bhatt, Manager (Rajbhasha) (Retd), Central Warehousing Corporation was present as keynote speaker in the workshop. In the inaugural session of the workshop, S.K. Thomas, Registrar, FRI welcomed the participants and stressed on the implementation of official language and constitutional provisions in the office.

He welcomed Bhatt to the Institute and expressed his gratitude for his invaluable time. In the workshop, the newly appointed Scientist-B level officers of the Institute were provided information about the use of official language.

Bhatt, while encouraging all the Scientists in his presentation, expressed that language becomes easy according to our daily use. Language is never difficult. He shared brief information about the usages of words of different languages accepted in Hindi.

The workshop ended with discussion and vote of thanks by Shankar Sharma, Assistant Director (Rajbhasha).



सहारा

## भाषा प्रयोग करने से आसान बनती है : महिमानंद भट्ट



Dehradun | Garhwal Post

## FRI holds Hindi Workshop

India logs 7,554 | Mussoorie hospital short of ANM



देहरादून, गुरुवार, 3 मार्च 2022 5

## एफआरआई में राजभाषा से संबन्धित विषय पर कार्यशाला आयोजित